हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 10 जुलाई 2025
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा



तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

**सरकारी जमीन पर निजी कब्जे की चाल ग्रामीणों का फूट रहा गुस्सा**



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E., PGDCA, DCA, BCA, PG Diploma in Yoga Edu. AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं.र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष महाविद्यालय
बेलभाठा, अभनपुर
प्राचार्य - 99261-62830

# जगन्नाथ महाप्रभु का श्री मंदिर में प्रवेश, श्रद्धालुओं को भेंट की गई हिंदी भागवत पुराण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के दोकड़ा स्थित ऐतिहासिक प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर में रथ यात्रा के अवसर पर अनेक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन का मंगलवार को समापन हुआ। श्री जगन्नाथ महाप्रभु बाहुड़ा रथ यात्रा के उपरांत अपने पवित्र निवास श्री मंदिर में विधिवत रूप से प्रवेश कर गए।

मंदिर में प्रवेश के पूर्व परंपरानुसार मां लक्ष्मी को रिझाने की रस्म निभाई गई, जिसमें महाप्रभु को रसगुल्ला भेंट करते हुए यह विशेष पारंपारिक रीति रिवाज पूरी की गई। भक्तों ने इस रस्म में भाग लेकर दिव्य अनुभूति की। भागवत पुराण का हिंदी रूपांतरण भेंट- श्री जगन्नाथ मंदिर समिति द्वारा रथयात्रा के उपलक्ष्य में हिंदी में अनूदित श्रीमद्भागवत पुराण की प्रतियां श्रद्धालुओं को भेंट स्वरूप दी गईं, जिससे जनमानस को आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त हो सके और भगवत भक्ति को नया आयाम मिले। श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने जताया आभार- श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, प्रशासनिक अधिकारियों और स्वयंसेवकों का आभार जताया। समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि जनसहयोग और आस्था की शक्ति ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया।


मां लक्ष्मी को रिझाने रसगुल्ला भेंट।

### विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं कौशल्या

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने श्री मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

## भक्ति संध्या में झूमे श्रद्धालु

जिले के दोकड़ा स्थित श्री जगन्नाथ महाप्रभु की बाहुड़ा यात्रा के उपरांत अब महाप्रभु के श्री मंदिर लौटने के इस विशेष दिन की पूर्व संध्या पर श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर दोकड़ा में भक्ति संगीत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आराधना संगीत म्यूजिकल ग्रुप द्वारा एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुति दी गई। इन भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने भक्तों को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। संगीतमय वातावरण में पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। देर रात तक श्रद्धालु भजनों पर झूमते और ताली बजाते रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांसाबेल से आए प्रसिद्ध भजन गायक सुदाम पंडा के साथ-साथ धनवंत यादव, ब्रजकिशोर बारिक, प्रदीप नायक, ध्यानु चौहान, विजय प्रधान, कमिल, अश्विन, सचिन यादव, एवं राजकुमार वर्मा जैसे कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के माध्यम से श्री जगन्नाथ मंदिर समिति दोकड़ा द्वारा लगातार श्रद्धालुओं को एक आध्यात्मिक अनुभव प्रदान किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### संकल्प में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित




**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा खनिज न्यास निधि मद से संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में कक्षा ग्यारहवीं की रिक्त सीटों में प्रवेश हेतु पात्र अभ्यर्थियों से 15 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए संकल्प शिक्षण संस्थान के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा ग्यारहवीं की गणित संकाय की कुल रिक्त 9 सीट बालिका 3, बालक 6 सीट के चयन हेतु विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र विद्यार्थियों को आवेदन के साथ कक्षा दसवीं की अंकसूची लगाना अनिवार्य होगा। आवेदक 15 जुलाई 2025 तक कार्यालयीन समय में संकल्प शिक्षण संस्थान में आवेदन जमा कर सकते हैं। कक्षा ग्यारहवीं में प्रवेश हेतु प्राप्त आवेदनों से कक्षा दसवीं की बोर्ड परीक्षा के प्राप्तांको की प्रावीण्य सूची के आधार पर विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

### ऑनलाइन काउंसिलिंग का तीसरा चरण आज

**जशपुरनगर।** सत्र 2025-26 के लिए डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन काउंसिलिंग का तीसरा चरण 10 जुलाई 2025 से प्रारंभ हो रहा है। प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक से मिली जानकारी अनुसार डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाईट पर 10 से 13 जुलाई तक पंजीयन कर सकते हैं। मेरिट सूची 15 जुलाई को जारी होगी। दावा आपत्ति 16 जुलाई तक एवं आबंटन 18 जुलाई को जारी किया जाएगा।

### जिले में अब तक 4214.7 मिमी वर्षा

जशपुरनगर। जिले में 01 जून से अब तक 4214.7 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 09 जुलाई तक की स्थिति में 2742.6 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 3.7 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 444.3 मिमी, मनोरा में 548.1 मिमी, कुनकुरी में 591.3 मिमी, दुलदुला में 279.0 मिमी, फरसाबहार में 385.1 मिमी, बगीचा में 440.8 मिमी, कांसाबेल में 420.5 मिमी, पत्थलगांव में 347.8 मिमी, सन्ना में 478.7 मिमी एवं बागबहार में 278.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### जनहानि के मामले में 4 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के प्रकरण में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत एक प्रकरणों हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम पण्डरीपानी, सिसरिंगा, निवासी स्व. मधुमंजूला एक्का का आग में जलने से 19 मार्च 2024 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम मृतिका के पति विजय एक्का हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## जिला पुलिस के ऑपरेशन अंकुश की बड़ी सफलता

# गैंगरेप मामले में आजीवन कारावास की सजा पाने वाले दो फरार अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गैंगरेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए दो फरार आरोपियों को जिला पुलिस ने पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। दोनों आरोपी इस वर्ष अप्रैल माह में पुलिस अभिरक्षा से भाग निकले थे,तब से फरार थे। लगातार तीन महीने की तलाश और तकनीकी सहायता से पुलिस ने 'ऑपरेशन अंकुश' के अंतर्गत इन्हें दबोच लिया।

झारखंड के कुरडेग और रायगढ़ से गिरफ्तारी- गिरफ्तार आरोपियों में पहला नेल्सन खाखा 25 वर्ष है, जिसे झारखंड के सिमडेगा जिले के कुरडेग थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सांबा से गिरफ्तार किया गया। दूसरा आरोपी डिक्सन खाखा 30 वर्ष को रायगढ़ से कुनकुरी की ओर आते समय पुलिस ने पकड़ लिया। यह गिरफ्तारी उस समय हुई, जब वह एक मालवाहक वाहन में सफर कर रहा था। दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।


पुलिस की गिरफ्त में दोनों अभियुक्त।

### नाबालिग के साथ हुआ था गैंगरेप

26 दिसंबर 2022 को थाना कांसाबेल क्षेत्र की एक 15 वर्षीय नाबालिग पीड़िता अपनी सहेली के गांव घूमने आई थी। उसी शाम एक पुलिया के पास बैठी थी, तभी आरोपी नेल्सन खाखा वहां मोटरसाइकिल से पहुंचा। सहेलियां डर कर भाग गईं, लेकिन नेल्सन पीड़िता को जबरन मोटरसाइकिल में बैठा कर सुनसान जगह ले गया और धमकी देकर दुष्कर्म किया। कुछ दूरी पर उसके साथी डिक्सन खाखा और सौरभ खड़े थे। बाद में उन दोनों ने भी पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। मामले में पीड़िता ने थाना दुलदुला में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 363, 366 और 376 भा.दं.वि. के तहत मामला पंजीबद्ध हुआ। गिरफ्तारी के बाद उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### सहयोगियों पर भी होगी कार्रवाई

फरार आरोपियों को छिपने में मदद करने वालों के नाम भी सामने आए हैं। इनमें माइकल खाखा, निवासी कुनकुरी, रितेश कुजूर निवासी जशपुर,सुदीप मिंज निवासी दुलदुला शामिल हैं। पुलिस इनके विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

### न्यायालय से सजा मिलने के बाद फरार थे अपराधी

11 अप्रैल 2025 को पुलिस ने कुल 10 आरोपियों को पेशी हेतु जिला जेल से अपर सत्र न्यायालय, कुनकुरी लाया था। पेशी के दौरान नेल्सन और डिक्सन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। फिंगरप्रिंट लेने के बाद जब उन्हें बंदीगृह वापस ले जाया जा रहा था, उसी समय शाम करीब 5:45 बजे, दोनों ने पुलिस को धक्का दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। फरारी के इस मामले में थाना कुनकुरी में बीएनएस की धारा 262 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

### जारी रहेगा आपरेशन अंकुश

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीम ने पूरी प्रोफेशनल दक्षता के साथ काम किया। हमारी कोशिश है कि ऐसे संगीन अपराधियों को किसी भी हालत में बख्शा न जाए। ऑपरेशन अंकुश आगे भी जारी रहेगा।

### तकनीकी टीम रही सक्रिय

घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लापरवाह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। साथ ही फरार आरोपियों की तलाश हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया और साइबर सेल एवं तकनीकी टीम को भी सक्रिय किया गया।जांच में यह सामने आया कि आरोपी लगातार छत्तीसगढ़, झारखंड और उड़ीसा में ठिकाने बदल रहे थे।

### इन्होंने निभाई अहम भूमिका

इस पूरे ऑपरेशन में साइबर सेल एवं थाना कुनकुरी की टीम की अहम भूमिका रही। साइबर सेल से निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उप निरीक्षक नसीरुद्दीन अंसारी, प्रधान आरक्षक अनंत मिराज किस्पोट्टा, आरक्षक अनील सिंह,थाना कुनकुरी से थाना प्रभारी राकेश यादव, उप निरीक्षक संतोष तिवारी, प्रधान आरक्षक दलेश्वर यादव, आरक्षक जितेंद्र गुप्ता, नंदलाल यादव एवं नगर सैनिक अजय श्रीवास्तव ने अहम भूमिका निभाई।


जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में उपस्थित कलेक्टर।

# कलेक्टर ने ली जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभाग द्वारा संचालित सभी विकास कार्यों की गहन समीक्षा की और सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सिंचाई योजनाओं के तहत बन रहे एनीकट, स्टॉप डेम, जलाशय, नहर निर्माण सहित अन्य संरचनाओं की प्रगति और वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से किसानों को उनके फसलों के लिए आवश्यक सिंचाई सुविधा प्राप्त होती है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होती है। कलेक्टर श्री व्यास ने यह भी कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से भू-जल स्तर में सुधार आता है, जिससे गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या में भी काफी हद तक राहत मिलती है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा करने के निर्देश दिए ताकि कार्यों की वास्तविक प्रगति का अवलोकन हो सके और निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। बैठक में सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, डिप्टी कलेक्टर हरिओम द्विवेदी, कार्यपालन अभियंता विनोद भगत सहित जल संसाधन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

**खास बात**
- निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के दिए निर्देश

# शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृहद पौधरोपण

**जशपुरनगर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ के तत्वाधान में शासकीय पॉलीटेक्निक में एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत वृहद पौधरोपण का आयोजन किया गया। आयोजन का थीम था पौधे लगाओ, जीवन बचाओ, एक पेड, एक जिन्दगी।

इस आयोजन का मकसद छात्रों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना था। आयोजन में प्रकृति में संतुलन कायम रखने और मानव सहित अन्य जीवों के लिए पेड़ों के महत्व के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में छात्रों को पौधे लगाने और इसके लिए लोगों को प्रेरित करने की भी अपील भी की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी योगेश्वर उपाध्याय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कल्पना टोप्पो, शासकीय पॉलीटेक्निक जशपुर के प्राचार्य डॉ.जीएस बेदी, जिला सचिव स्काउट तुमनू गोसाई, डिओसी स्काउट हेमंत पैंकरा, डिओसी गाइड प्रीति सुधा एवं शाउमावि आरा, सेंट पॉल बघिमा, सेंट जेवियर्स शांति भवन, होली क्रास घोलेंग, शाउमावि पतराटोली के छात्र-छात्रा सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।



### उफनती नदी में नहाने की जिद ने ले ली युवक की जान

**प्रतापपुर।** क्षेत्र में हुई बारिश से जहां नदियां उफान पर हैं। ऐसे में उफनती नदी में नहाने की जिद कर रहे युवक पानी के तेज बहाव में बह जाने से उसकी मौत हो गई। हालांकि परिजन ने युवक को समझाइश दी लेकिन युवक नहीं माना और नदी में नहाने की जिद पर अड़ा रहा। आज खोरमा स्थित एनीकट बांध में युवक का शव मिला। परिजनों ने बताया कि घटना एक दिन पूर्व की है युवक नदी में नहाने का जिद करने लगा। लाख समझाने के बाद भी नहीं माना और नदी में नहाने चला गया। शाम तक नहीं लौटने पर परिजन खोजबीन की बात युवक का कपड़ा नदी किनारे मिला लेकिन युवक का पता नहीं चला। परिजन ने ग्रामीणों की सहायता से नदी के दूर-दूर तक खोजना प्रारंभ किया मगर कहीं भी पता नहीं चला।

# इको क्लब ने बरगांव में मनाया हरियाली दिवस

**जशपुरनगर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगांव में इको क्लब के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत एक क्लब गठन करते हुए छात्र छात्राओं को जिम्मेदारी सौंप गई। एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें आज 70 पौधों का रोपण कार्यक्रम किया गया।

प्रत्येक पौधे को जीवित रखने की जिम्मेदारी छात्रों के एक ग्रुप बनाकर उन्हें दिया गया इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती ज्योति तिर्की ने कहा इस जीवन का सबसे बहुमूल्य योगदान समाज में पर्यावरण के प्रति योगदान देना होता है। बदलते समय में वैश्विक भूमंडलीकरण के दौर में जब पूरे ग्लोबल में प्रकृति के दोहन से खतरा उत्पन्न हो गया है पर्यावरण के प्रति हमारे लापरवाही ने पूरे मानव जाति के लिए प्रश्न खड़ा कर दिया है ऐसे समय में जरूरी है कि प्रत्येक बच्चा पर्यावरण को लेकर अत्यंत जागरूक रहे और पर्यावरण प्रदूषणों की समस्या से निपटारा के लिए अभी से बहुत सारे उपाय किए जाने चाहिए।। इको क्लब के प्रभारी डॉ मिथिलेश कुमार पाठक ने बच्चों को बागवानी निर्माण जो विद्यालय में पूर्व से संचालित है उनकी देखरेख के लिए योजना बताते हुए कहा कि कैसे हम इन पौधों को और अच्छे तरीके से विकसित होने तक पूरा ध्यान इस पर लगाएंगे प्रतिदिन हम उन पौधों की देखरेख के साथ-साथ उसके सुरक्षा की जिम्मेदारी भी लेंगे। भारत सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा इको क्लब के तहत एक पौधा माँ के नाम पर छात्रों की सफलतापूर्वक सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र जारी किया गया।




## कलेक्टर ने कांवर यात्रा की तैयारी का किया अवलोकन

# शिव भक्त मधेश्वर पहाड़ का करेंगे जला अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को कुनकुरी विकासखंड के मयाली नेचर कैंप के पास स्थित विश्व के सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास आगामी 14 जुलाई को सावन सोमवार को भव्य कांवर यात्रा की तैयारी का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वन मंडलाधिकारी शशि कुमार, कुनकुरी एसडीएम नन्दजी पाण्डेय, राजीव नंदे जनपद सीईओ और लोक निर्माण विभाग,वन विभाग के अधिकारीगण और ग्रामीणजन उपस्थित थे। कलेक्टर ने भव्य कांवर यात्रा के लिए रूट चार्ट, मेला स्थल, बेरिकेडिंग, पानी, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवपुराण कथा के आयोजन को आप सब के सहयोग से सफल बनाया था वैसे ही कांवर यात्रा को सफल बनाना है।

इस दौरान अधिकारियों को उन्होंने जल निकासी की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं, कलेक्टर ने बताया कि मधेश्वर पहाड़ प्राकृतिक शिवलिंग के पास बड़ा सा नंदी महाराज और त्रिशुल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। सावन का पहला सावन सोमवार 14 जुलाई से शुरू होने वाला है सभी चारों सोमवार को मधेश्वर पहाड़ प्राकृतिक शिवलिंग में जला अभिषेक करेंगे और कांवर यात्रा निकाली जाएगी।

- विश्व के सबसे बड़ा प्राकृतिक शिवलिंग मधेश्वर पहाड़ के पास से निकलेगी कांवर यात्रा
- रूट चार्ट, मेला स्थल, बेरिकेडिंग, पानी, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था सहित जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश


अवलोकन के बाद मौके पर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते कलेक्टर।

# दुकान संचालकों को कराना होगा पंजीयन

**जशपुरनगर।** प्रदेश के सभी दुकानों और स्थापनाओं के लिए श्रम विभाग द्वारा दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों) अधिनियम, 2017 के अंतर्गत 10 या 10 से अधिक श्रमिक अथवा कर्मचारी नियोजित होने पर श्रम पहचान संख्या पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य किया गया है।

इस संबंध में श्रम पदाधिकारी ने बताया कि कार्यालय श्रमायुक्त, छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों) अधिनियम, 2017 तथा इसके अंतर्गत निर्मित छग दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा शर्तों का विनियम) नियम 2021 को प्रदेश में 13 फरवरी 2025 से प्रभावशील किया गया है। जिसके परिपालन में सभी दुकानों और स्थापनाओं को श्रम पहचान संख्या पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। 10 या 10 से अधिक श्रमिक व कर्मचारी नियोजित करने वाले दुकानों और संस्थाओं को श्रम विभाग में पंजीयन कराना अनिवार्य किया गया है। श्रम विभाग के पोर्टल में 14 अगस्त 2025 तक संबंधित दुकानदार को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इस तिथि के बाद पंजीयन करने पर विलंब शुल्क देना होगा। छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 के अंतर्गत ऐसे पूर्व से पंजीकृत समस्त दुकान एवं स्थापनायें जिनमें 10 या 10 से अधिक श्रमिक अथवा कर्मचारी नियोजित हों को 6 माह के भीतर अर्थात 14 अगस्त 2025 तक ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर दुकान एवं स्थापनाओं का पंजीयन कराने एवं श्रम पहचान संख्या प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर निर्धारित शुल्क में छूट प्रदान की गई है। अधिनियम के प्रभावशीलता के 6 माह अर्थात 14 अगस्त 2025 के बाद निर्धारित शुल्क का 25 प्रतिशत विलंब शुल्क के साथ पंजीयन प्रमाण-पत्र सह श्रम पहचान संख्या प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये गये है। इसी प्रकार कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, तथा कर्मचारी भविष्य निधि एवं प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 के अंतर्गत पंजीकृत दुकान एवं स्थापनाओं को इस अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत माना जावेगा।

- सभी दुकानों और स्थापनाओं को श्रम पहचान संख्या व पंजीयन प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना होगा अनिवार्य

## खबर संक्षेप

### सहकारिता दिवस पर सहकारी समितियों के परिसर में पौधरोपण



**धौरपुर।** विकासखण्ड धौरपुर, सहनपुर एवं डूमरडीह में सोमवार को भारी उत्साह के साथ सहकारिता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं प्रबंधक ने उपस्थित ग्रामीणों को सहकारिता के लाभ के बारे में बताया। संबोधन उपरांत समिति के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों ने समिति परिसर में पौधरोपण किया तथा रोपित पौधों की सुरक्षा करने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### तहसीलदार, उप कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ लिपिक का हुआ स्थानांतरण



**कुसमी।** सामरी तहसीलदार शशिकांत दुबे का स्वास्थ्यगत कारणों से सामरी तहसील से रायपुर कलेक्टर जिला रायपुर में स्थानांतरण हुआ है। इसी प्रकार उप कोषालय अधिकारी कुसमी प्रदीप गुप्ता का जिला रायगढ़ एवं वरिष्ठ लिपिक केआर बारी का संभागीय आयुक्त कार्यालय सरगुजा में प्रशासनिक रूप से स्थानांतरण हुआ है। शासन के आदेशानुसार सभी अधिकारी, कर्मचारी को उनके वर्तमान पदस्थापना स्थल से नवीन पदस्थापना स्थल हेतु भारमुक्त किए जाने के उपरांत अनुभाग प्रशासन द्वारा स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दिया गया। कुसमी एसडीएम करुण डहरिया द्वारा सभी स्थानांतरित अधिकारी,कर्मचारी द्वारा किए कार्यों की प्रशंसा की। इस दौरान तहसीलदार सुनील गुप्ता, नायब तहसीलदार पारस शर्मा, सीएमओ अरविंद विश्वकर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव, एबीओ नन्द कुमार गुप्ता, राजस्व निरीक्षक सहित सभी पटवारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्कूल जाने के लिए तैयार हुआ छात्र घर से लापता

**बिश्रामपुर।** स्कूल जाने की तैयारी कर रहा एक बालक रहस्यमय ढंग से गायब हो गया है। मासूम बच्चे के गायब होने से हड़कंप मच गया है। बिश्रामपुर



पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय सत्यदीप कुजूर पिता संदीप कुजूर एसईसीएल आवासीय डिपार्टमेंटल कालोनी क्वार्टर नंबर 456 में अपनी बुआ अल्का कुजूर के पास रह रहा था।सत्यदीप कुजूर जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई में रहकर पढ़ाई करता है, जो वर्तमान में यहां अपने बुआ घर आया हुआ था। सोमवार को उसकी बुआ अल्का कुजूर बच्चे को तैयार कर जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई पहुंचाने के लिए तैयार कर रही थी, कुछ देर पश्चात बालक सत्यदीप कुजूर रहस्यमय ढंग से गायब हो गया है।देर शाम तक उसके वापस घर नहीं लौटने पर परिजन द्वारा मामले की सूचना बिश्रामपुर पुलिस को दी है।सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

### गुरु पूर्णिमा पर पचीरा शिव मंदिर में विशाल भंडारा

**सूरजपुर।** रेण नदी तट पर स्थित ग्राम पचिरा में प्राचीन सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में इस वर्ष भी गुरू पूर्णिमा का



पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। मन्दिर के महंत बिहारी दास ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया है। उन्होंने भक्तसे से अधिक से अधिक संख्या भंडारा का प्रसाद प्राप्त करने की बात कही। 10 जुलाई को आयोजित भंडारे में भक्तों का सहयोग होता है। जिसमें सभी बढ़ चढ़ कर सेवा के कार्य भागीदारी बनते है। इस पुनीत कार्य के सहयोग में प्रवेश गोयल, नारायण बसंल, राम कृष्ण ओझा, ओंकार पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, सतीश दुबे, शंभु अग्रवाल, रामाधीन गुप्ता, सौरभ तिवारी, श्याम नारायण दुबे, सुदर्शन राजवाड़े, श्याम जीत राजवाड़े,बसंत राजवाड़े सहित अन्य सक्रिय है। नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष केके अग्रवाल द्वारा बाहर से पधारे संत महात्माओं को दान दक्षिणा देकर विदा किया जाता है।

### आकाशीय बिजली की चपेट में आने से युवक की गई जान

अम्बिकापुर। खेत से पानी निकाल रहा युवक आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया। परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम पुरकेला निवासी देवलाल नागेश आ. स्व. लक्ष्मण नागेश (26 वर्ष) रविवार को मूसलाधार बारिश होने तथा खेत में पानी भर जाने पर युवक दोपहर 1 बजे खेत से पानी निकालने गया था। युवक जानकी बाई के खेत के मेढ़ का काटने लगने तभी आकाशीय बिजली गिरने से चपेट में आ गया।

## पुलिया के अभाव में वर्षों से परेशान हैं ग्रामीण

# खतरे के बीच उफनते नाले को पार कर बच्चों को स्कूल पहुंचाना बनी परिजन की मजबूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

नदी-नालों पर पुल-पुलियों का निर्माण नहीं होने के कारण बच्चों को अपना भविष्य गढ़ने के लिए खतरे के बीच उफनते नदी-नालों को पार कर स्कूल जाना पड़ रहा है। ग्रामीण दशकों से नाले पर पुलिया निर्माण करने की मांग कर रहे हैं लेकिन क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा इस दिशा में कोई कारगर पहल नहीं हो सकी है।

**खास बात**

- अनेकों बार शिकायत करने के बावजूद नहीं हो सका निर्माण

विकासखण्ड ओड़गी के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र में कई ऐसे गांव हैं जो पुल-पुलियों के अभाव में बरसात में टापू बन जाते हैं। पुल-पुलियों के अभाव में बच्चों एवं मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि वे विभिन्न माध्यमों से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को अनेकों बार स्थिति से अवगत करा चुके हैं लेकिन अभी तक इस बड़ी समस्या के निराकरण के लिए कोई पहल नहीं हो सकी है। दूरस्थ ग्राम पंचायत स्थित प्रायमरी स्कूल के दो नालों से घिरे होने के कारण ग्रामीणों को तो आवागमन में समस्या होती है सबसे बड़ी समस्या छोटे बच्चों को हाती है। प्राथमिक शाला के उत्तर दिशा में बेवदी नाला जबकि दक्षिण दिशा में बाघबुड़वा नाला बहता है जिसके कारण ग्राम पंचायत के पहाड़पारा एवं पुडरीपारा के छोटे बच्चों को पूरे साल नाला को पैदल पार कर स्कूल आना पड़ता है।



उफनते नाला को पार करते परिजन के साथ स्कूली बच्चे।

अन्य मौसम में नालों का जल स्तर कम होने के कारण बच्चों को आवागमन में कोई समस्या नहीं होती लेकिन बरसात के मौसम में उफनते नाले को पार करना चुनौती बन जाती है। खतरे को देखते हुए हर दिन परिजन बच्चों को गोद में उठा नाला पार कर स्कूल पहुंचाते हैं। स्कूल की छुट्टी होने पर भी परिजन बच्चों को लेने स्कूल जाते हैं। कई बार अचानक नाले का जल स्तर बढ़ने पर बच्चों व परिजन को घंटों जल स्तर कम होने का इंतजार करना पड़ता है। खतरे को देखते हुए बारिश के दौरान स्कूल की जल्दी छुट्टी कर दी जाती है ताकि बच्चे अपने परिजन के साथ सुरक्षित घर पहुंच जाएं।

**जल्द होगी निर्माण की पहल**

इस संबंध में ग्रामीणों की कोई मांग एवं शिकायत मेरे संज्ञान में नहीं आई है। ग्राम पंचायत इस दिशा में पहल करे तो मनरेगा के माध्यम से पुलिया निर्माण की पहल तत्काल की जाएगी।

-सागर सिंह, एसडीएम

**परोगिया में भी संकट**

डांड़गांव। विकासखण्ड उदयपुर अंतर्गत कोरबा जिले की सीमा पर बसे ग्राम पंचायत परोगिया एवं छुरीपारा के ग्रामीणों को भी पुल के अभाव में भारी संकट का सामना करना पड़ता है। ग्राम पगोरिया एवं छुरीपारा के बच्चों को बाघहाथ नदी पार कर स्कूल जाना पड़ता है। कई बार नदी का जल स्तर बढ़ने पर बच्चों को घंटों पानी उतरने का इंतजार करना पड़ता है। नदी में बाढ आने के दौरान कई बार बच्चों को किसी दूसर के घर में रूक कर रात गुजारने की स्थिति निर्मित हो जाती है। गांव में मिडिल स्कूल नहीं होने के कारण बच्चों को रोज 6 किमी का पैदल सफर कर ग्राम घाटबर्रा जाना पड़ता है। राशन सहित अन्य जरूरतों के लिए ग्रामीणों को पंचायत मुख्यालय का पैदल सफर करना पड़ता है।

**मरेगा में मिली थी स्वीकृति**

महुली के ग्रामीणों ने बताया कि दो वर्ष पूर्व प्रशासन द्वारा बाघबुढ़वा नाला पर पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। पुलिया निर्माण की स्वीकृति से ग्रामीण खुश थे कि अब उन्हें उफनते नाले को पैदल पार करने से मुक्ति मिल जाएगी। दो साल का लम्बा समय गुजरने के बावजूद अभी पुलिया का निर्माण शुरू नहीं हो सका है। ग्रामीण पुलिया निर्माण की स्वीकृति जिपं द्वारा निरस्त करने की बात कह रहे हैं।

## किसानों ने उठाया फसल बीमा योजना का लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अघिना

विकासखंड भैयाथान अंतर्गत ग्राम पंचायत खोपा में उपसंचालक कृषि संपदा पैंकरा के निर्देशन पर एनएमईओ योजना अंतर्गत 50 एकड़ भूमि हेतु प्रमाणित बीज का वितरण किया गया। संबोधन में जनपद सदस्य योगेंद्र सिंह ने कहा कि किसान हमारे देश का अन्नदाता है जो हमें भोजन प्रदान करता है हमें इनका सम्मान करना चाहिए और उनकी कड़ी मेहनत को महत्व देना चाहिए सभी उपस्थित कृषक समूह को मूंगफली की खेती अच्छे से करने का भी आग्रह उनके द्वारा किया गया।

कृषि स्थाई समिति सभापति के प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह ने कहा कि कृषि हमारे देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है हमारे छत्तीसगढ़ का मुख्य पारंपरिक व्यवसाय है किसानों का जीवन संघर्षों से भरा होता है फिर भी किसान हमें खुशी का स्वाद चखाते हैं उन्होंने कृषकों से वादा किया की फसल लगने के बाद भी फिर उनके खेतों में आयेंगे वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी धर्मजीत भगत ने बताया कि समय समय पर इस प्रकार का वितरण कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में किया जाएगा और मूंगफली फसल की निरंतर निगरानी विभाग के द्वारा किया जाएगा कृषि विस्तार अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि यह मूंगफली का प्रमाणित बीज हैदराबाद से चलकर यहां आया है और इस मूंगफली की अवधि 112 दिन की है मूंगफली का किस्म कादरी लिपाक्षी के 1812 है एवं यह मूंगफली सूखा बाढ़ एवं कई रोग कीट आदि के प्रति प्रतिरोधक क्षमता रखता है एवं इस मूंगफली की पैदावार प्रति हेक्टेयर लगभग 45 क्विंटल है कृषकों का मिट्टी परीक्षण भी करवाया जाना है।

## चिनिया मुख्य मार्ग से आवागमन शुरू, लोगों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जल संसाधन संभाग अंतर्गत नहर निर्माण का कार्य के लिए महावीरगंज चिनिया मुख्य मार्ग को ठेकेदार द्वारा खोद कर धीमी गति से कार्य कराया जा रहा था जिससे लगभग 20 से 25 दिन से आवागमन बाधित था। मार्ग बाधित होने की समस्या को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशन किया। खबर प्रकाशन के बाद जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी के तत्परता से तीन दिन के अंदर आगमन को सामान्य कराया गया। जिस क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों लोगों ने राहत की सांस ली।

- नहर निर्माण के लिए खोद दी थी सड़क

गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से चिनिया जलाशय एवं नहर निर्माण का कार्य 2 करोड़ 14 लाख रुपए लागत से कराया जा रहा है। यह कार्य अत्यंत मंथर गति से कराया जा रहा है। स्थिति यह है कि जो कार्य 9 महीना में पूर्ण हो जाना चाहिए था वह 36 महीने के बाद भी धीमी गति से ही चल रहा है। ठेकेदार द्वारा लापरवाही पूर्वक बरसात के समय



में नहर निर्माण के लिए महावीरगंज से चिनिया मुख्य मार्ग को खोद दिया गया था जिससे करीब 20 से 25 दिन से आवागमन बाधित हो गया था। यहां तक की पैदल चलना भी इस मार्ग से मुश्किल था। बस सहित बाइक व अन्य वाहन का जाना बंद हो गया था। इस बीच इस संबंध में प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद विभाग के कार्य पर अभियंता एवं अनुविभागीय अधिकारी की तत्परता से तीन दिनों के अंदर बाधित आवागमन को सामान्य किया गया।

## आईटीआई के छात्रों ने प्रिंसिपल पर लगाया अभद्रता का आरोप, कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

आईटीआई के विद्यार्थियों ने प्रिंसिपल पर अभद्रता का आरोप लगाया है। विद्यार्थियों कहना है कि उपस्थिति का हवाला देकर न सिर्फ परीक्षा फार्म भरने से मना कर बैठने से वंचित किया जा रहा है बल्कि उन्हें आईटीआई से धक्का देकर बाहर निकाल दिया गया है। इधर छात्रों परीक्षा में बैठने दिए जाने की मांग की है साथ ही प्रिंसिपल के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

आदिवासी छात्र-छात्राओं को प्रतापपुर अमनदोन में स्थित शासकीय आईटीआई में कोपा, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर का प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यार्थियों का आरोप है कि साल भर आईटीआई में खूब मेहनत की और जब परीक्षा फॉर्म भरने का समय आया तो उन्हें फार्म भरने से मना कर दिया। इधर प्रिंसिपल ने रेगुलर प्रशिक्षण लेने क्लास में नहीं आने तथा उपस्थिति भी 80 प्रतिशत से कम होने का हवाला देकर परीक्षा में बैठने के लिए पर्याप्त नहीं होने की बात कही। छात्र-छात्राओं ने आईटीआई परिसर में प्रिंसिपल के सामने घंटों निवेदन किया लेकिन प्रिंसिपल ने नियमों का हवाला देकर परीक्षा विद्यार्थियों की फॉर्म भरने से साफ इनकार कर दिया। जब एक छात्र प्रिंसिपल से साल भर की मेहनत खराब हो जाने की बात कही तो प्रिंसिपल आक्रोशित होकर छात्र को धक्के मार कर आईटीआई परिसर से बाहर निकाल दिया। प्राचार्य के अभद्र से छात्र-छात्राएं काफी दुखी हुए मौजूद छात्राओं ने चुपके से वीडियो बना ली और सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। आईटीआई के छात्र एवं छात्राओं ने शासन प्रशासन से की मांग है कि कुछ घरेलू परेशानी तथा स्वास्थ्य समस्या के कारण नियमित प्रशिक्षण केंद्र में नहीं पहुंच सके लेकिन उनकी उपस्थिती इतनी है कि परीक्षा में बैठ सकते थे। विद्यार्थियों का आरोप है कि प्रिंसिपल ने द्वेष के कारण सभी कोपा के विद्यार्थी देवेंद्र कुमार, आदित्य कुमार,हरकेश सेलेंद्र, सिंह, राजीव, सुरेश, राजू सिंह, मनीषा धुर्वे, साक्षी, दिव्या यादव, रितु नायक, अंजलि सिंह, सुषमा, सुरेखा, सरस्वती, नीलम, आशी यादव, मनीषा चौहान को परीक्षा देने से वंचित किया गया है। विद्यार्थियों का कहना है कि परीक्षा फॉर्म भरने की समय 11 तारीख तक सीमित अगर परीक्षा से वंचित किया गया तो आंदोलन एवं चक्का जाम करेंगे।

इस संबंध में एसडीएम ललिता भगत ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। दुर्व्यवहार करने वाले प्राचार्य के विरुद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा की जाएगी।

### घुमंतू पशुओं पर लगाया गया रेडियम स्टीकर

**राजपुर।** एनएच 343 मुख्य मार्ग में नगर पंचायत राजपुर की सड़क में घुमंतू पशुओ में पशुपालन विभाग राजपुर द्वारा बीती शाम सड़क दुर्घटना से बचने के लिए घूमने वाले पशुओं पर रेडियम स्टीकर लगाया गया।



राजपुर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरएल राम ने बताया एनएच 343 मुख्य मार्ग राजपुर नगर पंचायत से होकर गुजरी है और यहां सड़क पर घुमंतू पशुओं की वजह से आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। शहर में घुमंतु पशुओं द्वारा सड़क पर सैकड़ों की संख्या डेरा जमाए रहते थे जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। दुर्घटनाओं से बचने हेतु आज सड़क पर घुमंतू पशुओं को पशुपालन विभाग द्वारा गल्ला और सिंग में रेडियम स्टीकर लगाया गया। पशुओं पर रेडियम स्टीकर लगने से दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। बीती शाम सैकड़ों की संख्या में घुमंतू पशुओं पर लगाया गया है। इस दौरान डॉ. पुनीत तुर्की, देवकुमार, रविंद्र भगत सहित अन्य मौजूद रहे।

### अंकुरण नहीं होने की शिकायत पर कृषि अधिकारी पहुंचे किसानों के खेत में

**लखनपुर।** ब्रांडेड कंपनियों के बीज में अंकुरण नहीं होने की शिकायत पर कृषि अधिकारियों की टीम स्थिति का जायजा लेने किसानों के खेत में पहुंची एवं किसानों से बीज कंपनी एवं विक्रेता की जानकारी ली। कृषि अधिकारियों की जांच में शिकायत सही निकली। ग्राम पंचायत लखनपुर, बंधा, गणेशपुर, गेरता आदि के बड़ी संख्या में किसानों ने महंगे दाम में ब्रांडेड कंपनी का धान बीज ब्रांड पान 2423, भीम गोल्ड 333 सहित अन्य किस्मो के बीज का थरहा लगाया था लेकिन बीजों का अंकुरण नहीं होने के कारण अब दोबारा थरहा लगाने की स्थिति निर्मित हो गई है। टीम में शामिल कृषि अधिकारी एम्परोस टोप्पो, अनुविभागीय अधिकारी विनायक पांडेय, निरीक्षक हरि सिंह, वरिष्ठ कृषि अधिकारी कमल सिंह पोर्ते ने किसानों के बीड़ा का निरीक्षण किया जिसमें शिकायत सही पाई गई। कई खेतों में मात्र 20 से 30 फीसदी अंकुरित पाए गए। अधिकारियों ने कृषक मंगल राम, जसीम खान, राजू दास, रूदन राजवाड़े, शमीम खान, आनंद राजवाड़े का बयान दर्ज किया तथा पंचनामा बनाया। अधिकारियों ने संबंधित कंपनी के धान बीज की जांच कर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। वापसी के दौरान अधिकारियों ने नगर के बीज दुकानों की जांच की तथा दुकानदारों के लाइसेंस, विक्रय किए गए जा रहे धान बीज एवं कंपनियों के संबंध में पूछताछ की।





## सड़क व चौपाटी की मरम्मत को लेकर सीएमओ को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नगर के राधा कृष्ण मंदिर के समीप की गली, जो वर्ष 1990-91 में बनाई गई थी, अब बदहाल दौर से गुजर रही है, यहाँ लगभग तीन दशक से अधिक समय बीतने के बावजूद इस सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी हुई सीमेंट की परतें और जलनिकासी की कमी के कारण यह गली आज लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बन चुकी है।

बरसात के दिनों में यहां से गुजरना किसी चुनौती से कम नहीं होता है। इस मुद्दे को लेकर नगर के जागरूक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभालते हुए शिवनंदनपुर नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया है,मामले में एनएसयुआई पदाधिकारी हर्ष दनौदिया ने कहा कि यह गली नगर के मध्य क्षेत्र में स्थित है और मंदिर होने के कारण श्रद्धालुओं की आवाजाही भी बनी रहती है। बावजूद इसके वर्षों से इस मार्ग की मरम्मत की ओर न कोई ठोस पहल हुई और न ही जनप्रतिनिधियों ने इसे प्राथमिकता दी।उन्होंने बताया कि सिर्फ सड़क ही नहीं, बल्कि नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित होने वाली स्थानीय चौपाटी की भी स्थिति चिंताजनक है।असंगठित और अव्यवस्थित रूप में संचालित यह चौपाटी न केवल सौंदर्यहीन दिखती है, बल्कि यहां व्यापार कर रहे छोटे दुकानदारों को भी कई प्रकार की असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है।

चौपाटी को एक सुनियोजित और व्यवस्थित व्यवसाय स्थल के रूप में विकसित करने की मांग की गई है, जिसमें उचित लाइटिंग सिस्टम, पेयजल की व्यवस्था, क्रांकिट फर्श का निर्माण तथा व्यवस्थित शेड और बैठने की व्यवस्था शामिल है। इस मांग को लेकर एक प्रतिनिधिमंडल ने नपं शिवनंदनपुर सीएमओ सुनील सिन्हा को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में कुंदन विश्वकर्मा, क्षितिज सिंह चंदेल, आकाश सिंह, कुणाल यादव और आदित्य विश्वकर्मा व अन्य शामिल रहे।

# सर्वे के नाम पर सरगुजावासियों को भटका रहा रेलवे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सर्किट हाऊस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए रेल संघर्ष समिति के मुकेश तिवारी ने कहा कि सरगुजा को बेहतर रेल मार्ग से जोड़ने की मांग 80 सालों से की जा रही हैं। रेलवे सर्वे की खानापूर्ति कर सरगुजा क्षेत्र के विकास की अवहेलना कर रहा है। रेलवे कभी अम्बिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन का डबल लाइन तो कभी सिंगल लाइन सर्वे करा रहा है। इसके पूर्व भी रेलवे 2 दर्जन से अधिक सर्वे करा चुका है तथा हर सर्वे में इस परियोजना को अलाभकारी बताया है वर्तमान में रेलवे सरगुजा से संबंधित चार रेल मार्गों का सर्वे करा रहा है तथा किसी एक रेल परियोजना को स्वीकृति देने की बात कही है। ऐसे में अनेक मार्गों के सर्वे का उद्देश्य सरगुजावासियों की समझ से बाहर की बात हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन सरगुजा के परिवहन जरूरतों के अनुकूल है। इससे क्षेत्र के युवाओं के उच्च शिक्षा, लोगों के उपचार एवं व्यवसाय के नए मार्ग खुलेंगे। इस परियोजना के समर्थन में 26 जुलाई 2024 को विधानसभा में संकल्प पारित किया था। पिछले साल के बजट में परियोजना को स्वीकृति मिलने की उम्मीद थी जो पूरी नहीं हुई। आगामी बजट में इसकी स्वीकृति मिले इसके लिए हर स्तर पर पहल की जा रही है। प्रस्तावित परियोजना से कोयला, बाक्साइट सहित अन्य खनिजों के परिवहन से रेलवे को भी काफी लाभ होगा। अधिवक्ता मनोज तिवारी ने कहा कि झारखण्ड के एक विधायक ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मिलकर अम्बिकापुर-गढ़वा एनएच को फोर लेन बनाने की स्वीकृति ले ली। हमारे जनप्रतिनिध भी केन्द्रीय मंत्री के समक्ष प्रमुखता से इस मांग को रखें एवं इसे आगामी बजट में शामिल कराने की पहल करें। उन्होंने अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल मार्ग से सरगुजावासियों को होने वाले सामाजिक, आर्थिक, व्यवसायिक एवं धार्मिक फायदों के संबंध में विस्तार से चर्चा की। समिति के प्रभुनारायण वर्मा एवं शिवेश सिंह ने भी प्रस्तावित परियोजना के महत्व के बारे में चर्चा की। इस दौरान समिति के कैलाश मिश्रा, जितेन्द्र सिंह, आलोक तिवारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

- रेल सघर्ष समिति के सदस्यों ने की पत्रकार वार्ता




**समिति ने निकाली पदयात्रा, सौंपा ज्ञापन**

सरगुजा रेल संघर्ष समिति ने अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन निर्माण की मांग लेकर महामाया चौक से घड़ी चौक तक पदयात्रा की एवं तहसीलदार को रेल मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल मार्ग की मांग को आगामी बजट में शामिल कर जल्द निर्माण प्रारंभ करने की मांग की गई है। रेल संघर्ष समिति ने महामाया चौक से चैम्बर ऑफ कामर्स, कैट सहित अन्य व्यापारिक संगठनों, अधिवक्ताओं और गणमान्य नागरिकों के साथ अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल निर्माण की माग लेकर पदयात्रा निकाली। इस दौरान शहरवासियों को पम्पलेट के माध्यम से प्रस्तावित रेल लाइन के महत्व से संबंधित तथ्यों से अवगत कराया गया। सदस्यों ने बताया कि अम्बिकापुर-रेणुकूट रेल लाइन का डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट अक्टूबर 2023 में रेलवे बोर्ड को जमा कर दिया गया है प्रस्तावित रेल लाइन को आगामी बजट में शामिल करने के लिए समिति चरणबद्ध कार्यक्रम संचालित कर रही है। इस दौरान लोगों ने समिति की मांग का समर्थन किया।





# विजय ने टाइटैनिक से की अर्जुन रेड्डी की तुलना

**मुंबई।** साउथ स्टार विजय देवरकोंडा अपनी आगामी फिल्म किंगडम को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। इस दौरान विजय ने अपनी सबसे बड़ी हिट फिल्म अर्जुन रेड्डी को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि वो नहीं चाहते कि लोग अर्जुन रेड्डी को भूल जाएं। जैसे मैं लियोनार्डो डिकैप्रियो की टाइटैनिक को हमेशा याद रखूंगा, लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि वह कोई और अच्छा काम नहीं कर सकते या नहीं करेंगे। लेकिन, वह हमेशा इससे जुड़े रहेंगे। इसलिए लोगों का मेरे साथ ऐसा रिश्ता हो सकता है और अर्जुन रेड्डी की वजह से उनका मेरे प्रति लगाव हो सकता है। इसलिए मैंने उस लड़ाई को एक तरफ रख दिया है।

लाइफ Style



# शेफाली

## हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की हुईं दीवानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शेफाली शाह ने इंस्टाग्राम पर सोमवार रात एक पोस्ट साझा की, जिसमें वह हॉलीवुड एक्टर के अभिनय को जमकर सराहा रही हैं। साथ ही लोगों से एक गुजारिश भी कर रही हैं। आखिर क्यों इस कदर शेफाली शाह पर ब्रैड पिट का खुमार छाया हुआ?

हाल ही में हॉलीवुड एक्टर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' रिलीज हुई। यह फिल्म भारत में भी कमाल का कलेक्शन कर रही है। फिल्म की कहानी फॉर्मूला वन रेसिंग के ईद-गिर्द घूमती है। इस फिल्म और ब्रैड पिट की तारीफ शेफाली शाह कर रही हैं। वह अपनी पोस्ट में लिखती हैं, 'अगर आपने फिल्म एफ1 नहीं देखी है, तो अभी जाइए। आपको स्पोर्ट्र्स में इंट्रेस्ट हो या न हो। चाहे आपको रेसिंग के बारे में कुछ पता हो या न हो, चाहे आपको रेसिंग कारों में दिलचस्पी हो या न हो, बस इसे देखने जाइए। शेफाली शाह आगे अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखती हैं, 'यह फिल्म रेसिंग के बारे में है। लेकिन, यह सफलता और असफलता के बारे में हैं। दोस्ती, जुनून और टीम बॉन्डिंग के बारे में है। फिल्म और इसकी कहानी के बारे में शेफाली तारीफों के पुल बांधती हैं। आखिर में वह लिखती हैं, 'ओह, मैंने ब्रैड पिट बारे में जिक्र नहीं किया? किया भी नहीं जा सकता है, क्योंकि कहने को तो मेरे पास शब्द ही नहीं हैं। ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ1' के भारतीय बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 53.20 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया। इस फिल्म को भारतीय सिनेमाघरों में 11 दिन हो चुके हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# सुपरमैन 11 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी सिनेमैटिक यूनिवर्स की रीबूट 'सुपरमैन' फिल्म इस शुक्रवार, 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच अमेरिका में फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। इसमें कुछ पत्रकार भी शामिल थे। हालांकि, मेकर्स ने फिल्म के रिव्यूज पर रिलीज तक रोक लगा रखी थी, लेकिन अमेरिकी वेबसाइट 'द डेली बीस्ट' ने इस पाबंदी को अनसुना कर 'सुपरमैन' का फर्स्ट रिव्यू शेयर कर दिया। मजेदार बात ये है कि समय रहते मेकर्स ने इसे वेबसाइट से हटवा दिया है।



# डकोटा को क्रिस के साथ लाने के लिए मां कर रही हैं प्रयास

**लॉस एंजिल्स।** डकोटा जॉनसन और क्रिस मार्टिन का अफेयर चर्चा में रहा है। लेकिन, बीते दिन आई इनके ब्रेकअप की खबर ने सबको चौंका दिया है। बताया गया कि कथित तौर पर करीब आठ साल साथ रहने के बाद दोनों ने अपने रिश्ते को खत्म कर दिया है। जबकि पहले की रिपोर्टों में ऐसा दावा किया गया था कि ये फैसला दोनों ने आपसी रजामंदी से लिया है। लेकिन, नई जानकारी के मुताबिक, दोनों के लिए ये ब्रेकअप मुश्किलभरा रहा है। अब डकोटा की मां ने इनके रिलेशनशिप पर रिएक्ट किया है। दरअसल, डकोटा जॉनसन की मां मेलानी ग्रिफिथ इनके ब्रेकअप को मानने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्हें अभी भी लगता है कि इनका रिश्ता ठीक हो सकता है। 'मेलानी अपनी बेटी डकोटा के क्रिस के साथ इस बिखरे रिश्ते को सही करने की कोशिश कर रही हैं।



# बदनाम होकर भी नाम कमाने का गुमान

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो पर पूरे देश में बवाल मचा था। समय रैना और उस विवादित एपिसोड में आए सभी गेस्ट रणवीर अल्लाहबादिया, अपूर्वा मखीजा और आशीष चंचलानी को आलोचना का सामना करना पड़ा था। लेकिन, अपूर्वा का कहना है कि वो आभारी और खुश हैं कि ये विवाद हुआ। 'बदनाम हुए तो क्या नाम ना होगा...' ये कहावत अपूर्वा पर खूब फब रही है। खुद उनका भी कुछ यही कहना है। कुछ महीने पहले कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' को लेकर जमकर विवाद हुआ था। इस विवादित एपिसोड में शामिल हुईं अपूर्वा को भी खूब खरी-खोटी सुननी पड़ी थी। अब 'द रिबेल किड' का कहना है कि वो बहुत खुश हैं कि ये विवाद हुआ। हालांकि, उन्होंने ये भी खुलासा किया कि अगर ये किसी और के साथ हुआ होता तो सह नहीं पाता।



# स्टार पत्नियों की कहानी दिखाएंगे मधुर

**मुंबई।** अपनी कहानियों के जरिए फैशन और ग्लैमर इंडस्ट्री के पीछे की कहानी दिखाने वाले निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर अब एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म में बॉलीवुड सेलेब्स की पत्नियों की कहानी को दिखाने की कोशिश करेंगे। उनकी फिल्म 'द वाइव्स' बॉलीवुड की सबसे ग्लैमरस महिलाओं के पीछे छिपी अनकही सच्चाई को उजागर करेगी। फिल्म मंगलवार से फ्लोर पर आ गई है। 'द वाइव्स' में सोनाली कुलकर्णी, मौनी रॉय, रेजिना कैसंड्रा, राहुल भट्ट, सौरभ सचदेवा, अर्जन बाजवा और फ्रेडी दारूवाला जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म की मंगलवार से शूटिंग शुरू हो गई है। इस फिल्म को लेकर मधुर भंडारकर का कहना है कि 'द वाइव्स' के साथ मैं समाज की एक और ग्लैमरस परत को हटाना चाहता हूं।

## टीवी मसाला



# 25 साल बाद सीरियल की वापसी कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई शूटिंग

**नई दिल्ली।** एकता कपूर प्रोड्यूस सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का सीजन भी जल्द टीवी पर टेलीकास्ट होगा। नए सीजन में भी दर्शकों को स्मृति ईरानी और अमर उपाध्याय, तुलसी और मिहिर के किरदार में नजर आएंगे। हाल ही सीरियल में अपनी वापसी के बारे में स्मृति ईरानी ने भी ऑफिशियल स्टेटमेंट दिया है। इन दिनों सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' की शूटिंग चल रही है। मगर, इस शूटिंग को पूरी तरह से सीक्रेट रखा जा रहा है। सेट पर मोबाइल फोन लाने की इजाजत नहीं है। बताया जा रहा है कि सभी एक्टर्स के फोन पर टेप चिपका दिए गए हैं, जिससे कोई जानकारी बाहर न जा सके। सेट पर काम करने वाले सभी लोगों से गोपनीयता का समझौता साइन करवाया गया है। स्मृति ईरानी को जेड-प्लस की सुरक्षा दी गई। नए सीजन की कहानी का जहां तक सवाल है तो इस बार फैमिली इमोशन के साथ सोशल, पॉलिटिकल मुद्दों को भी सीरियल में जोड़ा जाएगा। इस बार सीरियल के महज 150 एपिसोड ही दर्शकों को देखने को मिलेंगे। बताते चलें कि 25 साल पहले 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने लगभग 1000 से अधिक एपिसोड पूरे किए थे। नया सीजन मिड जुलाई में टेलीकास्ट होगा।

## राम गोपाल बजाज बने मंजू देवी के पिता

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' देश की सबसे हिट और पॉपुलर वेब सीरीज रही है, जिसके हर किरदार को दर्शकों ने बेशुमार प्यार दिया है। हाल ही इसका चौथा सीजन आया, जिसकी खूब चर्चा रही। हालांकि, इस पर दर्शकों का उतना प्यार नहीं बरसा, जितना पिछले तीन सीजन पर बरसा, पर एक नए किरदार ने सबका दिल जीत लिया। ये किरदार न होता, तो शायद 'पंचायत सीजन 4' अधूरा रहता। यह किरदार है नाना जी का, जो फुलेरा गांव की प्रधान मंजू देवी के पिता और बृजभूषण दुबे के ससुर हैं। पर जिसने यह किरदार निभाया, उस एक्टर के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे। एनएसडी वाले भी इनके पैर छूते हैं और दिवंगत स्टार इरफान से इनका कनेक्शन है।



यह किरदार एक्टर राम गोपाल बजाज ने निभाया है, जो मशहूर थिएटर डायरेक्टर हैं। उन्होंने नाना जी के किरदार में अचानक से 'पंचायत 4' में एंट्री मारी और हर सीन लूट ले गए। उनकी पंच लाइन और डायलॉग्स ने भी दिल जीत लिया। सोशल मीडिया पर भी नाना जी की ही चर्चा ज्यादा हुई। 'आशीर्वाद कोई जादू-टोना थोड़ी ना है, जैसी करनी वैसी भरनी।', 'जो जैसा काम करेगा, वैसा फल पाएगा'...ये डायलॉग दर्शकों की जुबां पर चढ़ गए।

# रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से सजी है सैयारा की कहानी



**मुंबई।** यशराज फिल्म्स और मोहित सूरी की जोड़ी पहली बार साथ आई है और उनकी ये पेशकश 'सैयारा' पहले से ही रोमांटिक फिल्मों के प्रेमियों में जबरदस्त हलचल मचा रही है। ट्रेलर के रिलीज के साथ ही ये फिल्म चर्चा में आ गई है। रोमांस, म्यूजिक और इमोशन्स से भरी इस कहानी ने यंग जनरेशन का दिल जीत लिया है। अहान पांडे और अनीत पड्डा इस फिल्म से अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। 'सैयारा' का ट्रेलर जैसे ही सामने आया, सोशल मीडिया पर प्यार की बारिश होने लगी। ट्रेलर में एक युवा कलाकार और उसकी लेखिका के बीच पनपता प्यार दिखाया गया है, जो वक्त के साथ एक भावुक मोड़ लेता है। दोनों डेब्यू कलाकारों की केमिस्ट्री इतनी सच्ची और गहराई लिए हुए है कि दर्शक खुद को रोक नहीं पा रहे। कहानी में जिस तरह से प्रेम, दूरी और दर्द को बुना गया है, उसने लोगों की भावनाओं को झकझोर दिया।

### संगीत बना फिल्म की जान

इस फिल्म का म्यूजिक पहले ही सुर्खियों में है और आलोचकों से लेकर दर्शकों तक सभी इसकी तारीफ कर रहे हैं। सैयारा का टाइटल ट्रैक फ़हीम-अर्सलान की जोड़ी ने कम्पोज किया है और ये श्रोताओं के दिलों में घर कर गया है। जुबिन नौटियाल की आवाज में बर्बाद, विशाल मिश्रा का तुम हो तो, सचेत-परंपरा का हमसफ़र और अरिजीत सिंह व मिथुन की जुगलबंदी में धुन, सभी गाने म्यूजिक चार्ट पर टॉप कर रहे हैं।

# ओटीटी पर इस हफ्ते स्पेशल ऑप्स 2

## आप जैसा कोई, मिट्टी समेत 9 नई सीरीज और फिल्में

**मुंबई।** जुलाई के इस नए हफ्ते में जहां सिनेमाघरों में राजकुमार राव एक्शन अवतार में मालिक बनकर आ रहे हैं, वहीं विक्रांत मैसी के साथ शनाया कपूर की डेबयू फिल्म आंखों की गुस्ताखियां भी रिलीज हो रही है। लेकिन, यदि आपका दिल थिएटर जाने का नहीं है, तो ओटीटी पर घर बैठे एक-दो नहीं, बल्कि 9 नई वेब सीरीज और फिल्मों का लुत्फ उठा सकते हैं। इनमें सबसे खास जहां केके मेनन की स्पेशल ऑप्स 2 है, जिसमें वह रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह बनकर वापस आ रहे हैं। वहीं, आर माधवन और फातिमा सना शेख की आप जैसा कोई भी रिलीज हो रही है। टोविनो थॉमस की मलयालम एक्शन फिल्म नारिवेट्टा भी हिंदी में आ रही है। वहीं, गांव की सादगी भरी कहानी 'मिट्टी' भी रिलीज हो रही है।



**आप जैसा कोई :** आर माधवन और फातिमा सना शेख की फिल्म आप जैसा कोई लगातार चर्चा में है। अब यह ओटीटी पर इसी हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज हो रही है। कहानी एक शर्मीले स्वभाव वाले संस्कृत शिक्षक श्रीरेणु त्रिपाठी की है, जिसकी राहें एक फ्रेंच की टीचर मधु बोस से टकराती हैं। दोनों एक-दूसरे से बिल्कुल उलट हैं। लेकिन, यहां अपोजिट अट्रैक्ट वाला फॉर्मूला काम करता है। दोनों के बीच प्यार पनपता है। पुरातन सोच, उम्र का बंधन, संस्कृतियों की दीवारें टूटती हैं।

**स्पेशल ऑप्स सीजन 2 :** केके मेनन तीसरी बार फिर से रॉ एजेंट हिम्मत सिंह बनकर ओटीटी की दुनिया में धूम मचाने आ रहे हैं। नीरज पांडे की बेहद पॉपुलर वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स सीजन 2 भी इसी हफ्ते रिलीज हो रही है। इससे पहले हम स्पेशल ऑप्स और स्पेशल ऑप्स1.5' में देश की सुरक्षा के लिए खतरनाक मिशन की बानगी देख चुके हैं। इस नए सीजन में दुश्मन नए जमाने का है। कहानी सायबर-आतंकवाद पर है। सीरीज में इस बार फिर से जहां हमें करण टैकर, विनय पाठक, मुजम्मलि इब्राहिम, सैयामी खेर और मेहर विज देखने को मलेंगे, वहीं ताहिर राज भसीन और प्रकाश राज की भी एंट्री हुई है।

**मिट्टीः एक नई पहचान :** मिट्टीः एक नई पहचान एक दिल को छू लेने वाली ग्रामीण भारत की कहानी पर बनी है। सीरीज में इश्वाक सिंह, श्रुति शर्मा, दीक्षा जुनेजा, योगेन्द्र टिकू और अल्का अमीन प्रमुख किरदारों में हैं। यह एक ऐसे संसार की झलक है, जो अपनापन और परंपराओं से भरपूर है, लेकिन अब बदलाव की दहलीज पर है। कहानी के केंद्र में शहर का एक सफल विज्ञापन कार्यकारी राघव है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब वह उस गांव की ओर लौटता है, जिसे वह कभी अपना घर कहा करता था। अपने दादा को अंतिम विदाई देने के लिए शुरू हुआ राघव का यह सफर, धीरे-धीरे एक ऐसी यात्रा बन जाता है जहां उसे फिर से अपने उद्देश्य, अपने लोगों और उस जगह की तलाश है, जिसे वह कभी पीछे छोड़ चुका था। 'मिट्टी' वेब सीरीज गुरुवार, 10 जुलाई को रिलीज होगी।

**चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में किया काम**

# आरके स्टूडियो में मुलाकात, जहरीला इंसान के सेट पर प्यार

*मुंबई। 'माफ करना जमुना मैंने तुम्हें पगली कहा', अगर आप इंस्टाग्राम की दुनिया से परिचित हैं तो इस डायलॉग पर रील आपकी नजरों से जरूर गुजरी होगी। सोशल मीडिया पर इस पर धड़ाधड़ रील बन रही हैं। बता दें कि यह डायलॉग साल 1968 में आई फिल्म 'दो कलियां' का है। फिल्म में यह डायलॉग जिस बच्ची ने बोला, आज जमाना उसे अभिनेत्री नीतू कपूर के नाम से जानता है। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट इंडस्ट्री में कदम रखने वाली नीतू कपूर ने एक से बढ़कर एक फिल्म में काम किया है।*



### कॅरियर के शीर्ष पर नीतू सिंह ने लिया शादी का फैसला

नीतू कपूर ने साल 1980 में ऋषि कपूर से शादी रचाई। अभिनेत्री जब कपूर परिवार की बहू बनीं, तो वे अपने कॅरियर के शीर्ष पर थीं। ऋषि कपूर के साथ उनकी लव स्टोरी भी कम फिल्मी नहीं। नीतू कपूर शुरुआत में चिंटूजी को पसंद तक नहीं करती थीं। फिर साथ काम करते-करते बातचीत शुरू हुई तो दोनों अच्छे दोस्त बने। यहां तक कि ऋषि कपूर की रूठी गर्लफ्रेंड को मनाने के लिए नीतू सिंह चिट्ठी लिखने में मदद करती थीं। फिर, एक पल ऐसा आया कि दोनों सितारे एक-दूजे को ही दिल दे बैठे।

### ऋषि कपूर को पसंद नहीं करती थीं नीतू

नीतू कपूर और ऋषि कपूर की पहली मुलाकात आरके स्टूडियो में हुई। फिर फिल्म जहरीला इंसान के सेट पर दोनों करीब आए। एक इंटरव्यू के दौरान नीतू कपूर ने बताया था कि, मैं पहली बार उनसे (ऋषि) आरके स्टूडियो में मिली थी, जहां उनकी फिल्म 'बॉबी' की शूटिंग चल रही थी। लेकिन, हमारी ठीक से जान-पहचान फिल्म जहरीला इंसान के सेट्स पर हुई। मुझे पहली बार उनसे मिलकर बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। वो मुझे बात-बात पर टोकते रहे और मुझे लगा कि वो एक बहुत ही रूखे इंसान हैं। लेकिन, फिर आहिस्ता-आहिस्ता दोस्ती हो गई और फिर शादी।

### चिंटू जी ने इस तरह कही दिल की बात

ऋषि कपूर और नीतू कपूर की ऑनस्क्रीन जोड़ी भी सुपरहिट रही। 70 के दशक में इनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी पसंद की गई। ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच अच्छी दोस्ती का रिश्ता बन चुका था। एक दिन ऋषि कपूर ने नीतू कपूर से पूछा कि वे इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हैं, क्या उन्हें शादी-वादी नहीं करनी है? इस पर नीतू ने जवाब दिया, 'किससे करूं मैं शादी'? बस इसी पल ऋषि कपूर ने अभिनेत्री को प्रपोज कर दिया और कहा, 'मुझसे'। इस तरह दोनों की शादी हो गई। ऋषि कपूर अब इस दुनिया में नहीं हैं। अप्रैल 2020 में उनका निधन हो गया।

### ऋषि कपूर ने प्यार और शादी पर कही थी ये बात

*एक बार दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर ने अपनी और नीतू की पहली मुलाकात का किस्सा याद करते हुए कहा था कि 'हम एक-दूसरे के लिए बने थे। बस, जो कहा वो पूरा हो गया। हमारी मुलाकात बहुत जल्दी हो गई थी। जब मैंने अपने कॅरियर की शुरुआत की थी, तब डिंपल कपाड़िया की शादी हो गई थी, ऐसे में मेरे पास काम करने के लिए कोई हीरोइन नहीं थी। इस तरह मैंने नीतू के साथ बहुत सारा काम किया। कभी-कभी तो एक दिन में दो शिफ्ट्स भी किए। एक-दूसरे के साथ हम ज्यादा समय बिताने लगे, जिसकी वजह से हमारे बीच नजदीकियां भी बढ़ने लगीं और हम प्यार में पड़ गए। हम शादी करना चाहते थे। हमारी बड़ी ही नार्मल लाइफ रही है। दूसरे कपल की तरह हमारे बीच भी झगड़े और बहस होते हैं, पर अंत में सब ठीक हो जाता है। हमारे लिए ये सब बहुत आसान रहा है'।*

खबर संक्षेप

## कार्यकर्ता एवं सहायिका के लिए 21 तक आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना खरसिया जिला रायगढ़ अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 आंगनबाड़ी केन्द्र नया मोहल्ला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 01 पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र ठुसेकेला घसियापारा, बोतल्दा शांतिनगर, खड़गांव बैगापारा एवं कुरू बस्तीपारा में आंगनबाड़ी सहायिका के एक एक पद रिक्त है। इच्छुक आवेदिका उक्त पदों के लिए अपना आवेदन 21 जुलाई को शाम 5.30 बजे तक परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना, खरसिया में सीधे जमा कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए परियोजना कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## करवाही में पद्मश्री डॉ दुबे की शोक सभा

**तमनार।** रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड के दूरस्थ वनांचल में बसे ग्राम करवाही में 6 जुलाई को शाम 07 बजे पद्मश्री डॉ सुरेन्द्र दुबे की शोक सभा का आयोजन किया गया। डा. सुरेन्द्र दुबे का निधन 26 जून को हो हुआ था। जिससे छत्तीसगढ़ के साथ साथ पूरे देश और दुनिया भर के साहित्य कारों तथा जनता में शोक का लहर व्याप्त है। छत्तीसगढ़ प्रांत के रायगढ़ जिले के तमनार विकासखंड अंतर्गत एक दूरस्थ वनांचल में बसे ग्राम करवाही में देश के सुप्रसिद्ध हास्य एवं व्यंग्य कवि के निधन पर शोक सभा का आयोजन करना साहित्य जगत के प्रति आम लोगों के मन में श्रद्धा की भावना को दर्शाता है। विदित हो कि ग्राम करवाही में धर्म, संस्कृति और साहित्य के प्रति एक विशेष रुचि और जागरूकता देखने को मिलता है। कार्यक्रम में समस्त ग्राम वासियों के साथ साथ विशेष रूप से सत्यानंद राठिया पूर्व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अरुण राय, पूर्व जिला पंचायत सदस्य, हरेंद्र प्रसाद डनसेना जिला कार्यकारी अध्यक्ष संस्कार भारती रायगढ़ इकाई की ओर से याद लाल नायक अग्नि बेहरा, गजपति राठिया पूर्व सरपंच, राजकुमार सिदार ग्राम प्रमुख, राजेन्द्र सिदार सरपंच, प्रताप सिंह सिदार, भीम राम नायक, गोपाल सिंह सिदार तुलाराम पटेल, तेजराम एवं समस्त ग्रामवासी महिलाए पुरुष एवं बच्चों की उपस्थिति रही।

## आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल के रिक्त सीटों पर मेरिट सूची जारी

**रायगढ़।** जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में 58 पदों पर संविदा भर्ती हेतु आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों के मूल्यांकन पश्चात दावा आपत्ति जारी किया गया। दावा आपत्ति निराकरण उपरांत एक पद के विरूद्ध तीन अभ्यर्थी में मेरिट सूची जिले के वेबसाईट में जारी की गई है। मेरिट सूची अनुसार अभ्यर्थी 13 जुलाई रविवार को प्रातः10.30 बजे से पीएम शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल, रायगढ़ में अपने मूल दस्तावेज कक्षा 8 वीं से अंत तक की अंकसूची, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रमाणित अनुभव प्रमाण पत्र, जाति, निवास आदि एवं उसकी छायाप्रति के साथ अपनी उपस्थिति देना सुनिश्चित करें। उपस्थित नहीं होने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे। दस्तावेज सत्यापन के दौरान जिन पदों पर पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलेंगे उन पदों पर पुनः 1,3 में पात्र सूची से पुनः मेरिट सूची तैयार कर जिसमें वर्तमान मेरिट सूची के अभ्यर्थी नहीं रहेंगे दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थी आमंत्रित किए जाएंगे।

## सारंगढ़ में 15 अगस्त तक मछली पकड़ने पर पाबंदी

**सारंगढ़।** वर्षा ऋतु में मछलियों के प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें सरंक्षण देने और बारिश में आम जन के द्वारा मछली पकड़ने कार्य में रोकथाम हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदी मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 उपधारा 2 दो के तहत 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया है। जिले के मछली पालन विभाग के प्रभारी अधिकारी एनपी ओगरे ने आम जनता को जानकारी दी है कि छत्तीसगढ प्रदेश के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नही है के अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधन के जलाशय, नदी आदि में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

### जगदंबा ट्रेलर्स के विस्तार के खिलाफ ग्रामीण, ज़मीन के तबादले की साज़िश का लगा रहे आरोप

# सरकारी जमीन पर निजी कब्जे की चाल, ग्रामीणों का फूट रहा गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विकास के नाम पर ग्रामीणों के मौलिक अधिकारों और सामाजिक संसाधनों पर जब निजी कंपनियों की नजर पड़ती है, तब जनआक्रोश स्वतः जन्म लेता है। रायगढ़ के पुसौर विकासखंड स्थित ग्राम बरमुड़ा में कुछ ऐसा ही दृश्य सामने आया है, जहां जगदम्बा ट्रेलर्स कंपनी द्वारा सरकारी भूमि के तबादले के प्रयासों को लेकर ग्रामीणों में गहरा असंतोष उत्पन्न हो गया है।

आरोप है कि ग्राम बरमुड़ा के खसरा नंबर 194/2ए रकबा 3.645 हेक्टेयर भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा बच्चों के लिए खेल मैदान, लघु उद्यान, सामुदायिक भवन आदि विकास कार्यों की योजना प्रस्तावित है। यही नहीं, इसी जमीन पर नगर निगम रायगढ़ द्वारा अमृत मिशन योजना के अंतर्गत विशाल जल टंकी का निर्माण किया गया है, जिससे गांव को नियमित जल आपूर्ति होती है। अब इस पूरी जमीन पर रायगढ़ निवासी शिव अग्रवाल, जो जगदम्बा ट्रेलर्स कंपनी के संचालक हैं। उन्होंने अपने उद्योग के विस्तार के लिए तबादले का आवेदन पेश किया है। इसके बदले में उन्होंने ग्राम धनुहारडेरा की कुल 1 हेक्टेयर से भी कम भूमि देने का प्रस्ताव रखा है, जिसे ग्रामीणों ने नकारते हुए इसे ग्राम हित के विरुद्ध बताया है।



### बच्चों से खेल का मैदान छीनना चाहते हैं : ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि विकास का नाम लेकर जो भूमि छीनी जा रही है, वह वास्तव में जनहित के बहुआयामी उपयोग में आ रही है। इसी जमीन पर क्षेत्र के प्रमुख शनि मंदिर, कबीर मंदिर, और डीपापारा बस्ती भी स्थित हैं। यहां बच्चों की खेलकूद गतिविधियाँ होती हैं, सामाजिक आयोजन होते हैं और धार्मिक पूजा पाठ भी होता है। इस जमीन को निजी कंपनी को देना न सिर्फ संवैधानिक मूल्यों का उल्लंघन है, बल्कि सामाजिक और धार्मिक आस्था के खिलाफ़ भी है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि तबादले की प्रक्रिया को बिना ग्रामसभा की सहमति और बिना जनसुनवाई के आगे बढ़ाया जा रहा है, जो पंचायती राज अधिनियम का सीधा उल्लंघन है।

### ईश्तहार से शुरू हुआ विवाद, ग्रामीणों को नहीं दी गई जानकारी

ग्रामीणों के अनुसारए तहसीलदार पुसौर न्यायालय द्वारा 6 जुलाई 2025 को तबादले की प्रक्रिया के लिए ईश्तहार प्रकाशित किया गयाए जिसमें शिव अग्रवाल द्वारा खसरा नंबर 194/2 की भूमि को स्थानांतरित करने की घोषणा की गई। लेकिन इस पर ग्रामवासियों से कोई राय नहीं ली गई और न ही कोई सार्वजनिक सुनवाई की गई। ग्रामीणों ने कहा हमारे गांव की मूलभूत जरूरतों की जमीन को उद्योग के नाम पर छीनने की कोशिश की जा रही है। ये अन्याय है।

### सड़क पर उतरकर करेंगे विरोध : पार्षद

कलेक्टर को सौंपे गए आवेदन में ग्राम बरमुड़ा के वार्ड क्रमांक 43 के पार्षद विष्णुचरण पटेल, कोटवार उत्तरा दास, दिगंबर पटेल, वेदराम सिदार, अमर सिंह, दिलीप दास, गंगाराम सिदार, आशीष पटेल, प्रेमशंकर पटेल, भावेश पटेल, चंद्रभूषण पटेल, योगेंद्र पटेल, खुशीराम पटेल और मोहित राम जैसे दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर तबादला निरस्ती की मांग की है। वहीं क्षेत्र के पार्षद विष्णुचरण पटेल ने यह चेतावनी भी दी कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगों पर त्वरित और उचित कार्रवाई नहीं की, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र जन आंदोलन शुरू करेंगे।



# मनरेगा कार्यों की जपं पुसौर में समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

■ अधिकारी एके भारती ने दिए सख्त निर्देश

जनपद पंचायत पुसौर में मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी एके भारती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तकनीकी सहायकए बीएफटी और रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही। बैठक में विभागीय योजनाओंए हितग्राहीमूलक कार्यों और विशेष रूप से आवास योजनाओं की गहन समीक्षा की गई।

कार्यक्रम अधिकारी भारती ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्वीकृत आवासों की शीघ्र पूर्ति और जियोटैगिंग अनिवार्य रूप से की जाए। आवास लाभार्थियों के लिए 90 दिन का मस्टर रोल डिमांड तत्काल जनरेट किया जाए। एनएमएमएस ऐप अपडेट, आधार सीडिंग और पौधरोपण के कार्यों को निर्धारित समय में पूरा करें।

पिछले वर्ष के पौधरोपण का फिजिकल वेरिफिकेशन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें और नए पौधारोपण हेतु स्थल चिन्हित करें। श्री भारती ने अधिकारियों को चेताया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपेक्षा जताई कि वे जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करें और योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचाया जाए।

# कोलता समाज की आंचलिक सभा में 90 से अधिक प्रतिभावान छात्र हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

कोलता समाज आंचलिक सभा एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ पुसौर के संयुक्त तत्वावधान में रामचंडी मंदिर परिसर, तुरंगा में प्रतिभावान छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समाज के संस्कृति, संस्कार और शिक्षा की परंपरा को मजबूती देने वाले इस आयोजन में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के कई प्रमुख संभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पूज्य रणेश्वर रामचंडी के चरणों में पूजा अर्चना से हुई। इसके पश्चात आयोजित संस्कार एवं प्रशिक्षण सत्र में गोपाल प्रधान, संतोष बढ़ई, मंगल प्रधान, मुरलीधर प्रधान छत्तीसगढ़ तथा ब्रजेश गुप्ता एवं रत्थु लाल गुप्ता ने समाज के विकास और युवाओं की दिशा पर विचार साझा किए। आंचलिक अध्यक्ष जगन्नाथ प्रधान ने अपने संबोधन में बताया कि इस आयोजन के लिए उन्होंने स्वयं बच्चों के विद्यालयों में जाकर आमंत्रण दिया और समस्त कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं विकासखंड स्तरीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित किया।

कैरियर मार्गदर्शन सत्र में दुरेन्द्र नायक ने छात्रों को विषय चयन, प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं और भविष्य की संभावनाओं पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया।

### सम्मान समारोह रहा मुख्य आकर्षण

भोजनावकाश के बाद आयोजित सम्मान समारोह में 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, लेखनी, फाइल, मोमेंटो एवं पानी की बोतल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कक्षा 9वीं व 11वीं के छात्रों को भी आगामी बोर्ड परीक्षा हेतु प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया। 90 से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों ने मंच से कार्यक्रम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपने विचार साझा किए।

## स्कूल, अस्पताल एवं आंबा का निरीक्षण करने कलेक्टर ने निर्देश दिए

**सारंगढ़।** कलेक्टर डा. संजय कन्नौजे ने समय सीमा की बैठक में बारिश मौसम को ध्यान में रखते हुए जिला स्तर के सभी अधिकारियों व एसडीएम को स्कूल, कालेज, आश्रम, छात्रावास, अस्पताल एवं आंगनबाड़ियों का जब भी फील्ड जाए तो नियमित निरीक्षण कर वहां शिक्षकोंए बच्चों की नियमित उपस्थिति हो सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डा. कन्नौजे ने स्कूलों में जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र का स्कूलवार जानकारी लेकर उसे अभियान चलाकर बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ साथ जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के गांवों में सतत निगरानी करने तथा अतिवृष्टि में मकान क्षति या किसी भी प्रकार का नुकसान होने पर प्राकृतिक आपदा जैसे मकान ढहना, दीवार क्षति, सर्प, बिच्छू काटने, आकाशीय बिजली से मौत आदि के प्रकरणों का पटवारी को प्रतिदिन रिपोर्ट अपने तहसीलदार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे प्रकरणों में पीड़ति परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए तत्काल प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। कलेक्टर ने प्रभारी अधिकारी रोशन सचदेव को शेष बचे हितग्राहियों का शिविर लगाकर आयुष्मान एवं आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

# शासकीय उच्चतर एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासनताला में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बासनताला में शाला प्रवेश उत्सव गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के मुख्य द्वार पर अतिथियों के स्वागत से किया गया। यहां पर प्राचार्य श्रीमती विनय प्रभा खलखो ने पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा व्याख्याता ब्लारमी तिर्की एवं सुमति चौहान ने तिलक लगाकर अतिथियों का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुआ। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए अतिथियों और कक्षा 6वीं एवं 9वीं में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का पुष्पवर्षा, तिलक और आरती से भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि बालेश्वर यादव एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं प्रदान कीं। संस्था के समर्पित प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने हेतु संकल्पित होने की बात कही। प्राचार्य श्रीमती खलखो एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रईसुल हसन खान ने आश्वस्त किया कि संस्था का प्रत्येक शिक्षक अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करते हुए विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करेगा।





### मां के नाम एक पेड़ योजना के अंतर्गत पौधरोपण

कार्यक्रम के अंत में कक्षा 6वीं के छात्रों को पुस्तक एवं शाला गणवेश तथा कक्षा 9वीं के छात्रों को पुस्तकें वितरित की गईं। साथ ही ₹मां के नाम एक पौधा₹ अभियान के तहत अतिथियों, शिक्षकगणों और स्टाफ द्वारा पौधारोपण भी किया गया, जिसमें शाहिद खान, जुबराज यादव एवं गणेश यादव शामिल रहे।

# अल्टीमेटम के बाद स्कूल खुला, पालकों में हर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

युक्तियुक्तकरण के तहत गलत जानकारी देने के कारण प्रशासन द्वारा शाला भवन को बंद कर दिए जाने से पालकों में तीव्र रोष व्याप्त था। पालकों ने इसकी शिकायत कलेक्टर से किया था। पालकों ने पुलिस के माध्यम से प्रशासन को अल्टीमेटम दिया था कि 7 जुलाई तक स्कूल भवन नहीं खुला तो, 8 जुलाई से आंदोलन किया जाएगा।

अल्टीमेटम के बाद कलेक्टर ने उक्त मामला को संज्ञान में लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और आज 8 जुलाई को सुबह शिक्षा विभाग के द्वारा बंद पड़े स्कूल को खोलने की कार्रवाई प्रारंभिक की। इससे पालकों में हर्ष व्याप्त है। और उन्होंने कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित किया है। सारंगढ़ बिलाईगढ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय एवं नगर पंचायत सरिया वार्ड क्रमांक 3 अनुसूचित जाति बाहुल्य वर्ग के मोहल्ले में शासकीय प्राथमिक शाला को युक्तियुक्तकरण के तहत गलत जानकारी भेजे जाने से प्रशासन को स्कूल बंद करना पड़ा।

इसकी जानकारी पालकों एवं समाज प्रमुख को होने पर उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ़ संजय कन्नौज से मिलकर समस्या समाधान की मांग की तथा 7 जुलाई तक समस्या समाधान नहीं होने पर 8 जुलाई से मोहल्ला में स्कूल खुलवाने हेतु आंदोलन करने का अल्टीमेटम दिया था। आंदोलन करने से पहले प्रशासन मोहल्ले में पहुंचकर पालकों से चर्चा करते हुए आंदोलन समाप्त करने और स्कूल भवन संचालन होने का आश्वासन दिया। साथ ही साथ एक शिक्षक की व्यवस्था करते हुए स्कूल संचालन प्रारंभ किया गया। इससे पालकों में हर्ष व्याप्त है। विकासखंड शिक्षा विभाग बरमकेला बीआरसी राजकुमार पटेल व अन्य अधिकारी कर्मचारी, पुलिस प्रशासन तथा पालकों की उपस्थिति में शाला भवन का पूजा पाठ एवं नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया।

### स्कूल नियमित संचालित होगा

युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक शाला बंद कर दिया गया था। पालकों की शिकायत पर प्रशासन द्वारा विधिवत जांच कार्यवाही करके स्कूल प्रारंभ किया गया है। अब स्कूल नियमित संचालित होगा। इसके लिए आज मंगलवार स्कूल का पूजा पाठ कर प्रारंभ किया गया है तथा पालकों में हर्ष व्याप्त है।

**राजकुमार पटेल**
**बीआरसी बरमकेला**

### कलेक्टर ने दिया आदेश

चौहान मोहल्ला में स्कूल बंद होने से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसके लिए समाज के लोग कलेक्टर से मुलाकात कर समस्या समाधान की मांग किया गया। जहां कलेक्टर ने पालकों की समस्या को गंभीरता से लिया और आज स्कूल संचालन हेतु आदेशित किया गया। हम समाज की ओर से कलेक्टर को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

**बिसीकेशन चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष चौहान समाज**

## सूर्या विहार में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

**रायगढ़।** जिले में अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सीसीटीवी जागरूकता अभियान को लगातार जनसमर्थन मिल रहा है। इसी क्रम में पहाड़ मंदिर रोड स्थित सूर्या विहार कॉलोनी के पास अग्रवाल जनरल स्टोर के संचालक अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा अपनी दुकान के बाहर तीन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, जिनका फोकस मुख्य सड़क की ओर अलग-अलग दिशाओं में रखा गया है।

# स्वच्छता कर्मियों को बांटे बरसाती व ग्लब्स

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर में कार्यरत ठेका कर्मचारियों के साथ साथ सभी स्वच्छता कर्मियों को बीते दिनांक को नगर पंचायत प्रांगण में बरसात व संक्रमण से बचने बरसाती ड्रेस और ग्लोब्स वितरण किए गए। जानकारी के मुताबिक नगर पंचायत प्रबंधन अपने कर्मचारियों को वर्षा जनित संक्रमण से बचाने अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी के पहल से इसे मूर्त रूप दिया गया। इसके लिए इन्होंने संबंधित सभी कर्मचारियों की संख्या एकत्र किया ताकि कोई कर्मचारी न छूटे। इसमें महिला एवं पुरुष दोनों हैं जिनके लिए सतपथी ने अलग बरसाती ड्रेस व्यवस्था किया। उक्त बरसाती वितरण के लिए सतपथी ने सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक वृन्दावन कसेर को निवेदन किया जिसे वे सहर्ष स्वीकार करते हुए आए हुए स्वच्छता कर्मियों को इन्के हाथों बरसाती प्रदाय हुआ।



हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN
(PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी
जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

एनएच एमएमआई नारायणा सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के प्रसिद्ध हृदय रोग चिकित्सक
डॉ.एस.एस.पाढ़ी
वरिष्ठ सलाहकार - हृदय रोग
दिनांक - 12 जुलाई, शनिवार
राँची (काँके) के सुप्रसिद्ध मनोरोग एवं नशामुक्ति परामर्श विशेषज्ञ
डॉ. आशीष सोय
MBBS, DPM (CIP, KANKE) FIPS
EX-SENIOR RESIDENT (RINPAS)
दिनांक - 13 जुलाई, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
मो. 9713667433, 9617247433

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
आई सी यू विभाग
• जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
• अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
• मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
• विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
• रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
• जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
• मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411